Page No. ______
Date:

सत्र
2025-26

Page No.
Date:

Action Taken Report of 08/07/25

① 'दीक्षारम्भ कार्यक्रम' के लिए विभिन्न कार्यों को सम्पन्न करने के लिए कुछ समितियों का गठन किया गया। नवप्रवेशित छात्रों को दीक्षारम्भ कार्यक्रम के माध्यम से नई शिक्षा नीति के प्रावधानों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी अध्यक्ष को आमंत्रित किया गया।

② दिनांक 26/07/2025 को 'कारगिल दिवस' के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजली अर्पित की एवं उनके साहस एवं बलिदान से छात्रों को अवगत कराया।

③ तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में Orientation Programme का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति में General Elective और Specific Elective के चयन के बारे में बताया गया।

④ 'विश्व आदिवासी दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कि महाविद्यालय के प्राचार्य ने ब्रिटिश काल में शहीद होने वाले आदिवासियों के बारे में बताया और उनके मुख्य नामों पर चर्चा की।

⑤ 'स्वतंत्रता दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय में 'झण्डा रैली' का आयोजन किया गया जिसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य ने समस्त छात्रों को सम्बोधित करते हुए स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए कितने संघर्ष किए गए इस संबंध में जानकारी प्रदान की।

Page No. ____
Date:

6. 'नशा मुक्ति अभियान' कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय में नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया तथा रंगोली के द्वारा नशा मुक्ति के संबंध में जागरूकता फैलाने के कार्य को किया गया।

7. 'खेल दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। जो कि निम्न हैं—
क्रिकेट, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, वॉलीबॉल आदि।

1. डॉ. यू. के. साहू
2. रामयश
3. डॉ. धवल गुप्ता
4. महेश कुमार नाग
5. आकाश त्रिपाठी
6.

16/1/e

प्राचार्य
धुर्वाराव माड़िया
शासकीय महाविद्यालय -भैरमगढ़
जिला - बीजापुर (छ.ग.)

Page No. ______
Date:

Action Taken Report of 10/11/25

① 'पूर्व छात्र सम्मेलन' का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपनी उपलब्धियों को साझा किया तथा उनके द्वारा वृक्षारोपण का कार्य कराया गया।

② दिनांक 08/09/2025 से 12/09/2025 तक 'राज्य स्थापना दिवस' के अवसर पर 'रजत जयंती' का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत रंगोली, नुक्कड़ नाटक, नारा लेखन, निबंध एवं प्रेजेंटेशन आदि विधाओं का आयोजन किया गया।

③ 'साइबर जागरूकता अभियान' के अन्तर्गत महाविद्यालय में बीजापुर से आए साइबर विशेषज्ञ ने छात्रों को साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी से अवगत कराया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को असाइमेंट के टॉपिक देने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया गया।

④ 'स्वच्छता कार्यक्रम' के अवसर पर महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। 'ओजोन दिवस' कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य ने ओजोन परत के क्षरण तथा ओजोन परत की महत्ता से छात्रों को अवगत कराया।

⑤ महाविद्यालय में 'मैराथन दौड़' का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय से कुंडरी तक 10 कि.मी. की दौड़ लगायी गयी।

Page No. ______
Date:

6) सेवा पखवाड़ा के तहत भारतीय रेड क्रॉस बीजापुर तथा महाविद्यालय रेड क्रॉस विंग के संयोजन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तजाँच तथा रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे महाविद्यालय के छात्रों तथा शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

7) 'राष्ट्रीय एकता दिवस'/ 'सरदार पटेल जयंती' के अवसर पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे भारत की विभिन्न रियासतों को एकजुट करने में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को याद किया गया।

8) AQAR के सम्बन्ध में Criteria वार सदस्यों का नाम अनुमोदित किया गया। जिसके सदस्य निम्नलिखित है —

Criteria 1, 4 – श्री आकाश त्रिपाठी, सुश्री करुणा वर्मा

Criteria 2, 5 – डॉ. उत्तम साहू, श्री देवव्रत घोष

Criteria 3, 7 – श्री महेश कुमार नाग, श्री प्रवीण कुमार
सुश्री श्यामवती बघेल

Criteria 6 and Executive - Summary – श्री धवल गुप्ता
श्री होमेन्द्र

Extended Profile – श्री रामप्रकाश (IQAC Coordinator)

यह भी सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक सप्ताह के शनिवार को Criteria वार Progress की Report को प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा

(2)

Page No. ____
Date:

1. डॉ. यू. के. साहू
2. रामयश
3. डॉ. धवल गुप्ता
4. महेश कुमार नाग
5. आकांक्षा त्रिपाठी
6. करुणा वर्मा
7. देवव्रत घोष
8. प्रवीण जांगड़े
9. श्यामवती बघेल
10. डोमेन्द्र

IQAC

प्राचार्य
धुर्वाराव माड़िया
शासकीय महाविद्यालय - भैरमगढ़
जिला - बीजापुर (छ.ग.)

Action Taken Report of 15/12/2025

1. आज दिनांक 15/11/2025 को SVEEP कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में निर्वाचन प्रक्रिया पर सामूहिक परिचर्चा, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिता, नारा लेखन आदि का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

2. 'पंडित जवाहर लाल नेहरू' की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्वतंत्रता संग्राम में पंडित जवाहर लाल नेहरू के योगदान तथा बच्चों के प्रति उनके प्रेम के सम्बन्ध में छात्रों को अवगत कराया।

3. 'भगवान बिरसा मुंडा' की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य ने "भगवान बिरसा मुंडा" द्वारा अंग्रेजों से जल, जंगल, जमीन के संरक्षण तथा आदिवासी समुदाय के हितों की सुरक्षा के लिए किए गए संघर्ष के बारे में छात्रों को बताया।

4. AQAR Criteria वार समितियों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि सभी समितियों ने 15 से 20 प्रतिशत आंकड़ों का संकलन पूर्ण कर लिया है।

5. ग्राम कोहोली में 7 दिवसीय NSS Camp का सफल आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 79 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

6. महाविद्यालय में प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के द्वितीय आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा तथा

अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का सुचारु रूप से संचालन किया गया।

(7) दिनांक 26/11/2025 को महाविद्यालय में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के शिक्षकों ने व्याख्यान दिया।

(8) दिनांक 01/12/2025 को 'विश्व एड्स दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत जागरूकता रैली, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर का आयोजन किया गया था। साथ ही व्याख्यान देने के लिए बीजापुर से विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया।

(9) दिनांक 05/12/2025 को महाविद्यालय परिसर में "सड़क एवं परिवहन विभाग" बीजापुर के तत्वाधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें इच्छुक विद्यार्थियों ने लर्निंग लाइसेंस निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया।

(10) दिनांक 10/12/2025 को "जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत - ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 100 से अधिक विद्यार्थी 15 कॉलेज स्टाफ एवं 25 अन्य अतिथिगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा जी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

Page No. ______
Date:

(11) 'विश्व मानवाधिकार दिवस' के अवसर पर दिनांक 11/12/2025 को महाविद्यालय में संगोष्ठि का आयोजन किया गया जिसमे शिक्षकों ने मानवाधिकारो के संबंध मे छात्रों को अवगत कराया।

IQAC

प्राचार्य
धुर्वाराव माड़िया
शासकीय महाविद्यालय - भैरमगढ़
जिला - बीजापुर (छ.ग.)

(32) (3)

Page No. ____
Date:

Action Taken Report Of 30/01/2026

① दिनांक 22/12/2025 को "राष्ट्रीय गणित दिवस" के अवसर पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गणित विभाग द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। जिसमें गणित के क्षेत्र में रामानुजन के योगदान तथा जीवन में गणित के महत्व को बताया गया। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

② दिनांक 26/12/2025 को महाविद्यालय में 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य ने गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों की शहादत और असाधारण साहस से छात्रों को अवगत कराया।

③ दिनांक 07/01/2026 को साहित्य उत्सव 2026 के तहत महाविद्यालय स्तर पर कहानी एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

④ दिनांक 10/01/2026 को AQAR Criteria वार सभी समितियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें Criteria वार समिति की समीक्षा उपरान्त निम्नलिखित बिंदुओं पर चिन्हित किया गया।

(a) किसी भी प्रकार के डेटा के लिए संबंधित स्टाफ से व्हाट्सएप, साथ ही साथ व्यक्तिगत रूप से संपर्क करके डेटा प्राप्त करें।

(b) जो पॉइंट प्राचार्य से संबंधित हैं उसे प्राचार्य को सूचित कर मार्गदर्शन प्राप्त करें और संबंधित आवश्यक डेटा भी प्राप्त करें।

(c) ध्यान रहे कि AQAR को जनवरी अंत तक पूर्ण करना है।

(d) सभी सदस्य समान तत्परता और सहयोगात्मक रूप से

Page No. ______
Date:

काम कर समय सीमा में काम को अंजाम देवें।
(ट) मात्रात्मक डेटा को अंतिम रूप से सही पाये जाने पर उसका प्रिंटआउट निकालकर, प्रदान की गई फाइल में संधारित करेंगे।
(ठ) समीक्षा के दौरान जो भी सुझाव दिए गए हैं, उसका पालन करेंगे।
(ड) किसी भी प्रकार के संशय के निवारण के लिए, प्राचार्य, IQAC समन्वयक और पूर्व IQAC समन्वयक से संपर्क करेंगे।

(5) राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दिनांक 12/01/2026 को महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर उनके आदर्शों तथा विचारों से तथा भारत के लिए उनके योगदान के संबंध में छात्रों को अवगत कराया गया।

(6) दिनांक 23/01/2026 को 'सुभाष चंद्र बोस जी' की जयंती पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया गया।

(7) 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय में दिनांक 24/01/2026 को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बालिकाओं के मनुष्य जीवन में महत्व तथा बालक एवं बालिका में समानता की बात कही।

(8) 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय में ध्वजारोहण तथा रैली आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

Page No. ___
Date:

(9) जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जिला बीजापुर द्वारा दिनांक 30/01/2026 को उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जिसमे बीजापुर से आये विशेषज्ञो ने विद्यार्थियो को "प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना तथा "प्रधानमंत्री रोजगार सृजन" कार्यक्रम" की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

IQAC

प्राचार्य
दुर्वासाव माड़िया
शासकीय महाविद्यालय -भैरमगढ़
जिला - बीजापुर (छ.ग.)

Page No. ____
Date:

Action Taken Report of 31/01/2026

① दिनांक 31 जनवरी 2026 को महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा की गई। बैठक में IQAC के सभी सदस्य एवं महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।

② सर्वप्रथम प्रथम चक्र NAAC मूल्यांकन के दौरान दी गई समिति की अनुशंसाओं एवं उनकी अनुपालन आख्या (ATR) पर विस्तार से चर्चा की गई। तत्पश्चात महाविद्यालय की अनुसंधान समिति की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। साथ ही बताया गया कि अब तक दो सहायक प्राध्यापकों को पी.एच.डी. उपाधि प्रदान की जा चुकी है तथा एक सहायक प्राध्यापक को पी.एच.डी. उपाधि इस वर्ष ~~प्रदान की जाएगी।~~ मिलने की सम्भावना है।

③ महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा 13 से अधिक शोध पत्र प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त तीन पुस्तकों का प्रकाशन भी किया गया है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। यह जानकारी दी गई कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में NEP 2020 का दूसरा वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है।

④ बैठक में सत्र 2024-25 के परीक्षा परिणामों की समीक्षा की गई। सत्र 2025-26 में प्रवेश प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया गया तथा प्रवेश संख्या बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। साथ ही महाविद्यालयीन स्टाफ की वर्तमान स्थिति एवं संख्या पर भी चर्चा की गई। साथ ही स्पोर्ट शिक्षक की भी व्यवस्था करने पर चर्चा की गई।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय
(छ.ग.)

⑤ बैठक के दौरान महाविद्यालय की अधोसंरचना की वर्तमान

स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। NEP 2020 के अनुरूप कक्षा कक्षो की कमी को रेखांकित किया गया। नया कक्षा कक्षो के निर्माण हेतु प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग (PWD) को भेजे जाने की जानकारी दी गई। साथ ही ऑडिटोरियम एवं खेल मैदान के लिए प्रस्ताव भेजने के लिए चर्चा की गई।

⑥ तत्पश्चात बालक छात्रावास के नवीनीकरण पर भी चर्चा की गई। स्टॉफ क्वाटर बढ़ाने और पहले से बने हुए क्वाटर को मेंनटेनेंस कराने पर सहमति प्रदान की गयी। नए भवन में फैकल्टी हेतु शौचालय निर्माण प्रयोगशाला, जिम एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाओ के सुदृढ़ीकरण पर विचार-विमर्श किया गया।

⑦ अंत मे NAAC प्रत्यायन (Accreditation) के विषय मे चर्चा की गई। बताया गया कि पूर्व मे NAAC का मूल्यांकन 7 बिंदु मानदंड के अंतर्गत किया जाता था। वर्तमान मे नया बाइनरी प्रत्यायन ढाँचा (Accredited / Not Accredited) लागू किया जा रहा है।

⑧ नए NAAC ढाँचे के अंतर्गत 10 प्रमुख गुणात्मक विशेषताओ (Key Attributes) के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। इस दिशा मे IQAC द्वारा आवश्यक तैयारियां करने का निर्णय लिया गया। बैठक का समापन गुणवत्ता संवर्धन, अकादमिक उत्कृष्टता एवं संस्थागत विकास के प्रति सतत प्रयासो के संकल्प के साथ किया गया।

IQAC

प्राचार्य
दुर्वाराव माड़िया
शासकीय महाविद्यालय - भैरमगढ़
जिला - बीजापुर (छ.ग.)

दिया। इस सेमिनार में राष्ट्र एवं राज्य के विभिन्न महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों ने ऑनलाइन तथा ऑफलाइन मोड में अपनी प्रस्तुति देकर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक विरासत के प्रति गर्व और शोध के प्रति उत्साह जगाया।

(5) दिनाँक 28/02/2026 को वार्षिकोत्सव एवं 07/03/26 को फेयरवेल कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

(6) दिनाँक 12/03/26 को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के छात्राओं को निःशुल्क स्टेशनरी वितरण के अनुमोदित कि किया गया।

(7) दिनाँक 22/03/26 को शहीद दिवस तथा 24/03/26 को विश्व जल दिवस मनाया गया।

(8) दिनाँक 6/04/26 से 11/04/26 तक 6 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

(9) दिनाँक 14/04/26 को डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती और दिनाँक 8 मई 2026 को मनाया गया।

(10) दिनांक 08/05/26 को "विश्व रेड क्रॉस" दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को इसके इतिहास एवं महत्व के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी।

IQAC, Coordinator

प्राचार्य
राव माड़िया शासकीय महाविद्यालय
भैरमगढ़, जिला-बीजापुर (छ.ग.)